Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited
CIN No. : U85100BR2010SGC015886

BMSICL
(A Govt. of Bihar undertaking)

पत्रांकः–BMSIC/80050/11-2018/8708 दिनांकः– 09-02-2021.

प्रेषक,

उपमहाप्रबंधक (परि0)
BMSICL, पटना।

सेवा में,

Mannu Pratap Rana,
At-Education Colony,
Ward No-07, Distt.-Purnea

विषयः– जिला अस्पताल मधेपुरा में ट्रामा सेंटर का भवन निर्माण कार्य, आंतरिक/वाह्य विद्युतीकरण, सेनिटेशन, मेडिकल गैस पाईपलाईन एवं फर्निचर आपूर्त्ति सहित के कार्य में विलंब के कारण डिबार करने के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय के पत्रांक 7859 दिनांक 20.03.2020, पत्रांक 3768 दिनांक 04.08.2020, पत्रांक 5845 दिनांक 20.10.2020, पत्रांक 6467 दिनांक 23.11.2020, पत्रांक 6903 दिनांक 09.12.2020 एवं पत्रांक 7606 दिनांक 31.12.2020

महाशय,

उपरोक्त विषय एवं प्रासंगाधीन पत्र के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि **जिला अस्पताल मधेपुरा में ट्रामा सेंटर का भवन निर्माण कार्य, आंतरिक/वाह्य विद्युतीकरण, सेनिटेशन, मेडिकल गैस पाईपलाईन एवं फर्निचर आपूर्त्ति सहित** हेतु आपको इस निगम के पत्रांक BMSIC/80050/11-2018/3318 दिनांकः–11.09.2019 के द्वारा कार्यादेश निर्गत किया गया था। कार्यादेश के अनुसार कार्य अवधि 06 माह अर्थात् दिनांक 10.03.2020 तक पूर्ण करना था, परंतु 16 माह से अधिक व्यतीत हो जाने के बावजूद भी आपके द्वारा मात्र 50 प्रतिशत हीं कार्य कराया गया है जो घोर लापरवाही एवं अनियमितता को दर्शाता है। अद्योहस्ताक्षरी द्वारा कार्य में तेजी लाने हेतु प्रासंगिक पत्र के माध्यम से कई बार निदेशित किया गया साथ ही स्पष्टीकरण की भी मांग की गई तथापि अभी तक कार्य की प्रगति अत्यंत हीं धीमी है। पर्यवेक्षण परामर्शी द्वारा भी कार्य पूर्ण करने के संबंध में दूरभाष एवं पत्राचार के माध्यम से अनेकों बार कहा गया परंतु कार्य पूर्ण करने में आपके तरफ से कोई तत्परता नहीं दिखाई जा रही है, जो अत्यंत ही खेद का विषय है एवं कार्य के प्रति आपके लापरवाही को दर्शाता है। विदित है कि यह सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली 2007 की कंडिका 11 (क) (ii) में वर्णित प्रावधानों के तहत् कार्य अत्यंत हीं धीमी गति से करने के कारण आपको **(निबंधन संख्या–2160494/2016, ग्रामीण कार्य विभाग)** कार्य पूर्ण होने तक के लिए निलंबित करने की अनुशंसा करते हुए किसी भी निविदा में भाग लेने से **Debar** किया जाता है।

उक्त प्रस्ताव पर प्रबंध निदेशक महोदय का अनुमोदन प्राप्त है।

अनु0:–यथोक्त।

विश्वासभाजन

Kumar 09/2/2021

उपमहाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80050/11-2018/8708 दिनांकः–09-02-2021.

प्रतिलिपिः–श्री मोहित कुमार, प्रबंधक (सिस्टम) BMSICL को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेशानुसार अनुरोध है कि उपरोक्त के आलोक में BMSICL के पत्र को बेवसाईट पर प्रकाशित किया जाए।

Kumar 09/2/2021

उपमहाप्रबंधक (परि0)
कृ0पृ0उ0

4th Floor, Bihar State Building Construction Corporation Limited
Hospital Road, Shastri Nagar, Patna-800 023
Phone/Fax: +91-612 2283287, +91 612 2283288

ज्ञापांकः– BMSIC/80050/11-2018/8708 दिनांकः–09-02-2021.

प्रतिलिपिः–असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Kumar 09/2/2021

उपमहाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80050/11-2018/8708 दिनांकः–09-02-2021.

प्रतिलिपिः–जिलाधिकारी, मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

Kumar 09/2/2021

उपमहाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80050/11-2018/8708 दिनांकः–09-02-2021.

प्रतिलिपिः–प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना/प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुल निर्माण निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, भवन निर्माण विभाग निगम लि0, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल उद्योग भवन, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पर्यटन विकास निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निगम लि0, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य आवास बोर्ड, पटना एवं सभी कार्य विभाग को सूचनार्थ समर्पित।

Kumar 09/2/2021

उपमहाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80050/11-2018/8708 दिनांकः–09-02-2021.

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त, ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

Kumar 09/2/2021

उपमहाप्रबंधक (परि0)

ज्ञापांकः– BMSIC/80050/11-2018/8708 दिनांकः–09-02-2021.

प्रतिलिपिः–प्रबंध निदेशक, BMSICL पटना के आशुलिपिक को प्रबंध निदेशक महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।

Kumar 09/2/2021

उपमहाप्रबंधक (परि0)